INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR

Class: VI(2nd lang.)	Department: Hindi	
Worksheet No: 8	**Topic:** Answers of **Paragraph Worksheet**	**Note: Pl. file in portfolio**

प्रश्न - निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर चुनिए :-

एक चिड़िया को कहीं से एक मोती मिला। चिड़िया ने उसे अपनी नाक में पहन लिया। फिर वह राजा के महल पर जा बैठी और गाने लगी, “मैं राजा से बड़ी, मेरी नाक में मोती।” यह सुनकर राजा को बहुत गुस्सा आया। उसने गुस्से से भरकर अपने आदमियों से कहा, “चिड़िया का मोती छीन लाओ।” उन्होंने जाकर झट से चिड़िया से मोती छीन लिया।

अब चिड़िया पहले वाला गाना छोड़कर दूसरा गाना गाने लगी,“राजा भिखारी, मेरा मोती छीन लिया।” यह गीत सुनकर राजा को बड़ी शरम आई। उसने दूसरा गाना सुनते ही चिड़िया को उसका मोती लौटा दिया।

मोती मिलने पर चिड़िया ने एक ओर नया गीत गाना शुरू किया,“राजा तो डर गया, मेरा मोती दे दिया।” यह गीत सुनकर राजा गुस्से से लाल हो गया। उसने चिल्लाकर कहा, “पकड़ लाओ इस बदमाश चिड़िया को।” उसके आदमी चिड़िया को पकड़ने के लिए दौड़े मगर चिड़िया फर्स्ट से उड़ गई। राजा हाथ मलता रह गया।

इस छोटी सी कहानी से हमें बहुत बड़ी सीख मिलती है कि हमें अपनी भावनाओ पर काबू रखना चाहिए। हमें उस राजा की तरह नहीं होना चाहिए। वह राजा उस छोटी सी चिड़िया की बातो में आकर उस से मोती छीन लेता है। फिर वह कुछ कहती है और वह फिर उसे मोती दे देता है। हमें इस तरह से भावनाओ के गुलाम नहीं बनाना चाहिए। बल्कि हमें भावनाओ को नियंत्रण में रखना चाहिए।

प्रश्न -1- एक चिड़िया को क्या मिला ?

- एक मोती। √
- कुछ दाने।
- दो मोती।
- एक घोंसला।

प्रश्न -2- “मैं राजा से बड़ी, मेरी नाक में मोती।” ऐसा कौन गा रहा था ?

- एक चिड़िया । √
- एक रानी ।
- एक कोयल।
- एक दासी ।

प्रश्न -3- राजा ने गुस्से से भरकर अपने आदमियों से क्या कहा ?

* "चिड़िया का मोती छीन लाओ।" √
* "चिड़िया का दाना छीन लाओ।"
* "चिड़िया का पंख छीन लाओ।"
* "चिड़िया का बच्चा छीन लाओ।"

प्रश्न -4- चिड़िया ने कौन-सा दूसरा गाना गाया ?

* राजा डरपोक, मेरा मोती छीन लिया।" ।
* राजा झगडालू, मेरा मोती छीन लिया।
* राजा चोर, मेरा मोती छीन लिया।"
* राजा भिखारी, मेरा मोती छीन लिया।" √

प्रश्न -5- दूसरा गाना सुनते ही राजा ने क्या किया ?

* चिड़िया को पिंजरे में डाल दिया। ।
* चिड़िया को उसका मोती लौटा दिया। । √
* चिड़िया को उसका पुरस्कार दिया। ।
* चिड़िया को उसका अंडा लौटा दिया। ।

प्रश्न -6- इस छोटी सी कहानी से हमें कौन सी बहुत बड़ी सीख मिलती है?

* हमें अपनेआप पर काबू रखना चाहिए।
* हमें अपनी भावनाओ पर काबू रखना चाहिए। √
* हमें अपने स्वभाव पर काबू रखना चाहिए।
* हमें अपने परिवार पर काबू रखना चाहिए।

प्रश्न -7- हमें किसका गुलाम नहीं बनाना चाहिए ।

* भावनाओ का । √
* मालिक का।
* पत्नी का।
* धन-दौलत का।

****